हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

11 वंदे मातरम गीत देश के प्रति सम्मान और ...



12 ओडिशा उपचुनाव में विधायक ध्रुव को ...





## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव तूता पार्किंग से वाहन की हुई चोरी




**अभनपुर।** राज्योत्सव मेला स्थल ग्राम तूता की पार्किंग से फिर एक वाहन चोरी हो गया। ग्राम बनरसी निवासी एवं वन विभाग नवा रायपुर के कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने अपनी एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी04 एमडब्लू7068 को 4 नवंबर की रात पार्किंग पी 6 में खड़ी की थी। रात 10.30 बजे लौटने पर स्कूटी गायब मिली। यह राज्योत्सव स्थल से दर्ज चौथी वाहन चोरी है। लगातार हो रही घटनाओं से नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। अभनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### नौकरी का झांसा देकर लाखों ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**अभनपुर।** रायपुर के ग्रीन पैराडाइज वैली विशाल नगर निवासी अनिल कुमार श्रीवास द्वारा अभनपुर थाना में ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के अनुसार, दिल्ली निवासी विजय कुमार चौरसिया ने स्वयं को एमएसएमईपीसीएल (भारतीय सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम प्रोत्साहन परिषद) का चेयरमेन बताकर नौकरी देने का झांसा देते हुए लाखों रुपये की ठगी की है। अनिल कुमार श्रीवास ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात विजय चौरसिया से रायपुर के जोरा क्षेत्र में हुई थी। मुलाकात के दौरान चौरसिया ने बताया कि वह एमएसएमईपीसीएल संस्था के चेयरमेन हैं और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए टीम का गठन कर रहे हैं। उन्होंने अनिल श्रीवास को राज्य का वाइस चेयरमेन और रौशन श्रीवास को चेयरमेन बनाने का प्रलोभन दिया। चौरसिया ने दोनों से क्रमशः 15 लाख और 20 लाख की मांग की। इस तरह दोनों से नगद 4 लाख रूपये तथा 31 लाख ऑनलाईन,नेटबैंकिंग से प्राप्त किए। बदले में उन्होंने नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड जारी किया। बाद में जब दोनों पीड़ित एमएसएमईपीसीआई रायपुर कार्यालय पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड फर्जी हैं और संस्था से उसका कोई संबंध नहीं है। अनिल श्रीवास के अनुसार, विजय चौरसिया ने न केवल वेतन का झूठा आश्वासन दिया बल्कि उनसे विभिन्न कार्यक्रमों में खर्च भी करवाया। जब उनसे पैसे वापस मांगे गए, तो चौरसिया ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अभनपुर पुलिस ने धारा 420 भादवि (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जल जीवन मिशन योजना वनांचल में फेल, फूलबाहरा और लादाबाहरा में काम अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के वनांचल इलाकों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने इसके लिए सीधे तौर पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की मनमानी को जिम्मेदार ठहराया है। केंद्र सरकार ने विकासखंड के प्रत्येक गांव में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर, उचित स्थान पर पानी की टंकी बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से घर-घर तक नल से पानी पहुंचाने की यह योजना लागू की थी। हालांकि, ठेकेदारों द्वारा शुरू किए गए कार्यों में संबंधित अधिकारियों की मनमानी के कारण स्थिति दयनीय है।

**कई गांवों में टंकी अधूरी, काम शुरू ही नहीं**





### फाइलों में बह रहा पानी, महिलाएं भटकने को मजबूर

फूलबाहरा के ग्रामीणोंपंच सुनीता नेताम, केवल साहू, तरूण साहू, देवेन्द्र साहू, ठाकुर राम आदि ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन योजना का पानी भले ही फाइलों में बह रहा होगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि पानी की तलाश में गांव की महिलाएं आज भी भटकती हुई नजर आ रही हैं। पानी नहीं मिलने के कारण महिलाएं निस्तारी के लिए दूसरे के घरों से पानी लाने को मजबूर हैं। कुल मिलाकर, वनांचल क्षेत्र में नल-जल योजना का हाल बेहाल है और इस गंभीर लापरवाही को देखने या सुधारने वाला कोई नहीं है।

स्थिति यह है कि घर तक नल से पानी पहुंचना तो दूर की बात है, कई स्थानों पर पानी की टंकी अधूरी है, तो कहीं इसका निर्माण शुरू ही नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत दादरगांव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहरा में अभी तक पानी की टंकी का कॉलम तक खड़ा नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत रूवाड के आश्रित ग्राम लादाबाहरा में भी हाल बुरा है। लादाबाहरा के निवासियों हीरालाल सोरी, मंगलू ओटी, कमलसिंह सोरी, कुमानसिह, भगवानसिंह, तुलसीराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि घरों में बनाए गए नल के चेंबर भी टूट रहे हैं, और पानी की टंकी का निर्माण केवल नींव खोदकर छोड़ दिया गया है।

## आयोजन : सांसद रूपकुमारी चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर जिले में 8 किमी लंबी यूनिटी पदयात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लौह पुरुष और राष्ट्र एकता के सूत्रधार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में 'यूनिटी मार्च पदयात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, माय भारत एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। पदयात्रा का शुभारंभ सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सरदार पटेल के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण के बाद हरी झंडी दिखाकर किया। यह यात्रा ग्राम पंचायत नागाबुड़ा स्कूल चौक से शुरू होकर नहरगांव, कोकड़ी होते हुए गांधी मैदान गरियाबंद में संपन्न हुई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठन, खेल संघ, एनसीसी, स्काउट, रेड क्रॉस, एनएसएस, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने फूल वर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया।

- देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पौधरोपण के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, कलेक्टर बीएस उइके, एसपी निखिल राखेचा, डीएफओ शशिगानंदन के, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।





### स्टेच्यू ऑफ यूनिटी एकता का प्रतीक : सांसद चौधरी

गांधी मैदान में आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा यह हमारे लिए गर्व की बात है कि लौह पुरुष सरदार पटेल जी के प्रयासों से अखंड भारत की नींव पड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में आज यूनिटी मार्च एकता, स्वावलंबन और स्वास्थ्य का संदेश दे रहा है। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संदेश है सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश आगे बढ़ेगा। स अवसर पर आत्मनिर्भर भारत और नशा मुक्ति का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया।



### 562 रियासतों को जोड़कर अखंड भारत बनाया : विधायक

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि सरदार पटेल देश के पहले गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा देशभक्ति की शुरुआत अपने घर और अपने कार्य से होती है, यूनिटी मार्च का उद्देश्य युवाओं में जिम्मेदारी और राष्ट्रीय भावना को जागृत करना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधरोपण और सम्मान समारोह से सजी शाम कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में अतिथियों ने पौधरोपण किया। समापन समारोह में देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। साथ ही स्वच्छता, नशामुक्ति, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी संकल्प का संदेश दिया गया। अतिथियों ने सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाए और हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। समारोह के दौरान स्कूली विद्यार्थियों एवं साहित्यकार मुन्नालाल देवदास को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनकी पुस्तक 'कौशिल्या के गोद' का विमोचन भी किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वृहद गृह संपर्क अभियान

**नवावारा-राजिम।** संघ अपने शताब्दी वर्ष के निमित्त दूसरे बडे.अभियान की तैयारी में जुट गए हैं। माधव सदन संघ कार्यालय में बैठक रखी गई। संघ पूरे नगर में 10 नवंबर से 5 दिसम्बर तक सघन गृह संपर्क अभियान चलाएगा जिसके तहत सामाजिक सदभाव का संदेश दिया जाएगा। इस अभियान के तहत संघ के स्वयंसेवकों की टोली हर हिन्दू घर तक जाएगी टोली में 3 से 4 लोग एवं 1 मातृ शक्ति शामिल रहेगी बताया गया है कि 60 से 70 घरों में 1 टोली गृह संपर्क करेगी स्वयंसेवक हर घर में जाकर व्यापक रूप से गृह संपर्क अभियान करेंगे संघ के स्वयंसेवक पंच परिवर्तन की भी जानकारी घर घर तक पहुंचाएंगे जिसमें टोली के पास एक पत्रक,पुस्तक और भारत माता की फोटो लेकर साथ में जाएंगे करीब 60 पेज की पुस्तक का निम्न शुल्क लिया जाएगा पुस्तक तीन हिस्सों में है पहले हिस्से मे संघ की विकास यात्रा, दूसरे में समाज के समक्ष चुनौतियां व तीसरे भाग में संघ के पंच परिवर्तन यानि कि सामाजिक सद्भाव,नागरिक कर्तव्य बोध, पर्यावरण संरक्षण, स्वा का बोध, सामाजिक समरसता विषय पर जानकारी होगी। संघ कार्य से जुड़ने के लिए इच्छुक लोगों की जानकारी भी जुटाएगी बाद में जिला स्तर पर संकलित इस सूची में एक जैसी रुचि रखने वालों से लोगों से संबंधित संगठन के लोग संपर्क करेंगे बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सहकार्यवाह गोपाल यादव, नगर संघ चालक सनत चौधरी, नगर कार्यवाह आकाश जैन, सहनगर कार्यवाह प्रदीप मिश्रा,पूर्व पार्षद मयाराम साहू, वीरेंद्र साहू, पूणेंद्र साहू, अमन पाटकर, सोहद्र साहू, कैलाश साहू, अनुप देवांगन ,चन्द्रशेखर देवांगन ,डिगेश साहू, रवि विश्वकर्मा जितेन्द्र यादव, योगेश यादव शामिल थे।




## निजी कर्मचारियों ने सप्ताह में छुट्टी के लिए व्यापारी संघ को सौंपा ज्ञापन

**मैनपुर।** जय कचना ध्रुवा निजी कर्मचारी संघ देवभोग द्वारा आज व्यापारी संघ को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा है। जिसमें संघ के सदस्यों ने सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को सप्ताह में छुट्टी निर्धारित करने के साथ ही समय पर दुकान खोलने और बंद करने का समय तय निर्धारण करने की मांग किया है। जिससे कर्मचारियों को भी विश्राम करने के लिए समय मिल सके। जय कचना ध्रुवा नीजी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भोलेसिंह मांझी ने बताया कि देवभोग मुख्यालय से लगभग 15-20 किमी दूर से कार्य करने कर्मचारी आते है जिसके कारण देर रात तक कुछ दुकान खुले रहने से वहां के कर्मचारियों को आने जाने में परेशानि होती है इसलिए दुकान खोलने व बंद करने का समय निर्धारण किया जाये साथ ही सप्ताह में एक दिन अवकाश दिया जाये। इस मौके पर जोगेन्द्र निशाद, प्रदीप साहू, महेन्द्र यादव, हेमंत यादव, हेमराज नागेश, हरी मिश्रा, गजेन्द्र, वासुदेव यादव, लिलाधर यादव, डिकसन कश्यप, कुंतेश निशाद, पाले"वर मांझी सहित संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## अंचल में गुलाबी ठंड की दस्तक

**राजिम।** अंचल में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। पारा गिरने से मौसम खुशनुमा हो गया है। मौसम विभाग का मानना है कि आगामी तीन माह अच्छी ठंड पड़ेगी। लोग अब सुबह और शाम गरम कपड़े पहनने लगे है। बता दे विगत छः माह से मौसम में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला। लगातार बारिश से जनजीवन भी प्रभावित रहा। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में समुद्री तूफान से बदली बारिश हुई। विगत छः माह से लोग मौसमी बीमारी से त्रस्त थे। लंबे अंतराल के बाद मौसम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सास ली है। फसल कटाई के समय मौसम साफ रहने से किसानों की चिंता कम हुई है। चूंकि ठंड को हेल्दी सीजन माना जाता है। ठंड के दिनों में हरी सब्जियां एवं ताजा फलों की आसानी से उपलब्धता रहती है। बाजार में मौसमी सब्जियों की आवक बढ़ गई है।



## पीएम श्री हरिहर स्कूल के 6 विद्यार्थियों को टैलेंट हंट में मिला एजुकेशन टैबलेट

**नवापारा-राजिम।** पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ठ विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय के 6 विद्यार्थियों को नयंश आईटीसीटी एकेडमी व्दारा टेबलेट प्रदान किया गया। विदित हो कि पिछले वर्ष नवंबर 2024- 25 में टेक्नोसिस एजुकेशन ने नयंश आईटीसीटी एकेडमी कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के साथ में मिलकर एक टैलेंट हंट एग्जामिनेशन करवाया था जिसमे 600 से भी ज्यादा बच्चो ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें से केवल 100 बच्चों का एडमिशन हुआ जिसमें 30 बच्चों ने पूरा 1 साल का कंप्यूटर कोर्स किया। कोर्स की अवधि नवंबर 2024 से सितंबर 2025 तक था।जिसके लिए टेक्नोसियस एजुकेशन के द्वारा उन बच्चो को एजुकेशन टैबलेट और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह परीक्षा नगर में नयंश आईटीसीटी एकेडमी के डायरेक्टर अजय कुमार देवांगन और अर्चना देवांगन के मार्गदर्शन में कराया गया जिससे बच्चों को स्किल और एजुकेशन के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने को मिला। टेबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी राज कंसारी, ऋषि कंसारी, आकांक्षा कंसारी, डिंपल ठाकुर, कुश्मिता साहू, प्रिया कंसारी हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्य फाखरा खानम दानी सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरभ जैन ने बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## लोगों ने एक साथ बैठकर लिया भोजन प्रसादी का आनंद

# श्री राधाकृष्ण मंदिर में 100 वर्ष पूरे होने पर भोजन प्रसादी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के बहुत ही सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर के 100 बरस पूरे होने पर पूरे एक माह चलने वाले भोजन प्रसादी का आनंद शहर के सभी समुदाय के लोग जिसमें गरीब से लेकर अमीर तक एक साथ बैठकर रोज ले रहे है। 3 नवंबर से शुरू हुआ यह सिलसिला 30 नवंबर तक चलेगा। हालांकि व्यवस्था ऐसी की गई है कि रोज अलग-अलग जाति को आमंत्रित किया जा रहा है इसके अलावा जितने भी लोग दोपहर 12 से 4 बजे तक पहुंच रहे है उन्हें भी बहुत स्नेह के साथ भोजन कराया जा रहा है। भोजन करने रोज हजारो लोग पहुंच रहे है। परोसने में मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल,गिरधारी अग्रवाल सहित पूरे परिवार के लोग जुटे हुए है। इनके साथ में श्री सालासर सुंदरकांड समिति के संस्थापक राजू काबरा और उनकी टीम लगी हुई है। बहुत बड़े कंपाऊंड में भोजन प्रसादी कराने के लिए कारपेट तो बिछाया ही गया है बल्कि राऊंड टेबल और कुर्सियां भी बड़ी संख्या में जमाया गया है। आगंतुक जहां बैठना चाहे वहां बैठकर भोजन पा रहे है। वो भी गरम-गरम। भोजन में दाल,चांवल, दो तीन प्रकार की सब्जी,पूरी,पकोड़ा, आलू छोले की सब्जी, मिक्स सब्जी, बूंदी वाली कढ़ी ,अचार, सलाद, बुंदी, भुजिया, खीर, हलवा, गुलाब जामुन दी जाती है। पीने के आरओ पानी का पर्याप्त इंतजाम है। खाना बनाने वाले सुबह 10 बजे से तैयारी में जुट जाते है। सब्जी काटने वाले झुंड में बैठते है। जैसे ही कंपाऊंड के भीतर लोग प्रवेश करते है उन्हें सम्मानपूर्वक ले जाया जाता है और किसी शादी-ब्याह के रिसेप्सन जैसा व्यवस्था देख लोग हर्षित हो जाते है। कलयुग में इस तरह का आयोजन बहुत कम ही देखने में आता है। दो-चार दिन की बात हो तो समझ में आता है। परंतु पूरे महीने भर का भोजन प्रसादी का यह आयोजन सचमुच में न केवल तारीफे काबिल है बल्कि प्रशंसनीय है। इस संबंध में सर्वराकार मोहन अग्रवाल,गिरधारी अग्रवाल से पुछने पर बहुत ही सहज भाव से कहते है कि ये सब भगवान श्रीकृष्ण की कृपा है। उनके कृपा से ही सब होता है। हमारे पूर्वज स्व रेखराज चतुर्भुज, शिवनारायण, भगीरथ लाल अग्रवाल, स्व झुमक लाल अग्रवाल ने 100 बरस पूर्व इस मंदिर को बनवाकर नगर को समर्पित किया था तब उन्होने नगरवासियों को भोज कराया था। अब मंदिर स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इसे भव्य और ऐतिहासिक रूप में मनाने का हमें अवसर प्राप्त हो रहा है अतएव इस तरह का भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया है जिसमें शहर के हर जाति, समुदाय, अमीर-अमीर सभी को आमंत्रित किया जा रहा है। बताया कि 24 नवंबर से 30 नवंबर तक ▶▶| शेष पेज 11 पर





## रामचरितमानस के प्रचार में 60 वर्षों से समर्पित





**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के रामायण प्रेमी चेतन साहू उम्र 84 वर्ष पिछले 60 वर्षो से रामायण के माध्यम से रामचरितमानस के प्रचार में लगे हुए है। बताया गया है कि श्री साहू सभी सात कांड के ज्ञाता हैं। वे बीस वर्ष की आयु से भगवान श्रीराम की भक्ति में लगकर श्रीराम कथा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्हें प्रदेश के कई जिले में भी मंच संचालन के लिए आमंत्रित किया जाता हैं वे आज भी 84 वर्ष के आयु में भी जाते हैं। संचालन के वक्त शेरो शायरी से दर्शकों का मन मोह लेते हैं। भगवान श्रीराम की कथा गुणगान को बहुत सरल शब्दों में बताते हैं। मानस दूत से सम्मानित हो चुके हैं। इनके परिवार के पिछले तीन पीढियां भी चौमासा रामायण का पाठ करते ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में गाया वंदे मातरम

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में नर्सिंग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा "वंदे मातरम" राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ गीत के ऐतिहासिक महत्व को स्मरण किया।



### आंवला पूजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर परिसर कोडारबांध में कार्तिक पूर्णिमा पर 5 नवंबर को आंवला पूजन पर्व पर काफी संख्या में श्रदालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा सुबह 10 बजे शुरु हुई। दोपहर 12 बजे से आंवला भात प्रसादी वितरण शुरु हुआ, जो लगभग शाम बजे तक निरंतर चलता रहा। लगभग 15 हजार श्रद्धालु आंवला भात प्रसादी ग्रहण किये। पूरा आयोजन मेला जैसा लगा। अध्यक्ष किशोर चंद्राकर ने बताया कि यह आयोजन विगत 20-21 वर्षों से निरंतर जन सहयोग से होते आ रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस वर्ष गौ माता की पूजा के साथ गौपाष्टमी मनायी गयी। समाज सेवी श्रद्धालुओं में डॉ. रश्मि विजय चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मीना सुनील शर्मा, मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार चंद्राकर, डॉ. लेखराम चंद्राकर, डॉ. रामगोपाल यादव, डॉ. युगल चंद्राकर, नवीन चंद्राकर, रामनिवास चंद्राकर बिरकोनी, शैलेंद्र चंद्राकर बेलसोंडा शामिल हुए। निखिल मनोजकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद व बलरामकांत साहू अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव ने सेवा भाव से प्रसादी वितरण कार्य में सहयोग किया। पूजा अनुष्ठान मंदिर के पुजारी हरीश दुबे ने विधि विधानपूर्वक किया। प्रचार सचिव बंधु राजेश्वर ने खरे ने कोडार वाली जय मां खल्लारी की ऐतिहासिक जानकारी दी।

### डूबने से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम किरगोली के तीन वर्षीय बच्ची तालाब में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तीन वर्षीय नित्या उसेंडी 5 नवंबर को तालाब के पानी में डूब गई। इलाज के लिए कांकेर के अस्पताल में लाया गया था।

**प्रशिक्षणः राजनीतिक दलों एवं बूथ लेवल एजेंट का हुआ प्रशिक्षण**

# बूथ लेवल अधिकारी घर-घर दो प्रतियों में देंगे गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार निर्वाचन नामावलियां के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश तथा उप जिला निवार्चन अधिकारी सचिन भूतड़ा के मार्गदर्शन में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों तथा बूथ लेबल एजेंटो का वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम भारतीय संविधान की धारा 324 एवं 326, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियिम 1950 तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 में दिए गए प्रावधानों के अधीन किया जा रहा है। अब से पहले पूरे भारत में आठ बार



एसआईआर की प्रक्रिया हो चुकी है। छत्तीगढ़ में यह पिछली बार 2003 में हुआ था। इस वर्ष 04 नवंबर से 04 दिसंबर 2025 तक बूथ लेबल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर ऐसे समस्त मतदाताओं जिनका नाम 2025 के निर्वाचक नामावली में हैं, उनका दो प्रतियों में गणना प्रपत्र वितरित किया जाएगा।

संबंधित मतदाता या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य के द्वारा इन गणना प्रपत्रों को भरकर बीएलओ को वापस किया जाएगा। जिसमें से एक प्रति बीएलओ द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया जाएगा तथा दूसरी प्रति को पावती के रूप में संबंधित मतदाता को वापस कर दिया जाएगा। इस प्रकार प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों के आधार पर निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी। जिसका प्रारंभिक प्रकाशन 09 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। पश्चात 9 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे और दावा आपत्तियों का निराकरण कर 07 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया एसआईआर का उद्देश्य निर्वाचक नामावली को शुद्ध करना है अर्थात निर्वाचक सूची में कोई भी योग्य नागरिक का नाम छूटने न पाए तथा अयोग्य व्यक्ति का नाम जुड़े नहीं। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक आरके बारले, सहायक प्रोग्रामर नागेश साहू उपस्थित थे।

# तुमगांव ग्राम कमेटी का गठन शुभम अध्यक्ष व किशोर सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तुमगांव के डोम शेड मीना बाजार परिसर में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज अठगवा परिक्षेत्र तुमगांव ब्लाक महासमुंद की बैठक परिक्षेत्र अध्यक्ष वेदराम गिलहरे की उपस्थिति में हुई। बैठक का विधिवत शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास के चरण पादुका व सतखाम पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में अध्यक्षता के आसंदी पर जिला अध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे व अतिथियों में उपाध्यक्ष खोसिल गेंड्रे, ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती, ब्लाक सचिव गणेश टंडन, शिक्षा प्रकोष्ट फनेंद्र बंजारे उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में सर्वप्रथम बेदराम गिलहरे ने प्रतिवेदन का वाचन किया। गणेश टंडन ब्लाक सचिव ने ब्लाक महासमुंद की ओर प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए ग्राम कमेटी गठन करने समाजजनों को आमन्त्रित किया। ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती द्वारा पाघर प्रथा को बंद कर एकजुट रहने की बात कही। जिला उपाध्यक्ष खोसिल गेंड्रे ने विस्तारपूर्वक सभा में विचार रखा। गोवर्धन खूंटे परिक्षेत्र सचिव ने कार्रवाई अग्रेषित करते हुए उपस्थित सदन की अनुमति से मनोनयन की प्रक्रिया प्रारंभ किया। जिसमें सर्व सम्मति शुभम टंडन को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भोलाराम गहरवाल, हरविंदर खूंटे, शैलेश



टंडन, गिरधर जांगड़े, सचिंव किशोर लहरे, सहसचिव मुकेश रात्रे, कोषाध्यक्ष चोवाराम कोसले, प्रवक्ता बेदराम गिलहरे, भंडारी संतराम मन्नाडे, सेवादार राकेश बघेल, सलाहकार मनहरण टंडन, मीडिया प्रभारी अजय मालवीय व कार्यकारिणी सदस्य- राजेश बांधे, सुनील खूंटे, तेजकुमार पुरैना, हेमंत सोनवानी, विनोद टंडन, सोनू गहरवाल, लाला लहरे, चरण टंडन, भोला जांगड़े, होरीलाल, जगन्नाथ सोनवानी, राजकुमार गहरवाल, संजू बांधे, कार्यकारिणी सदस्य व महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष विमला बांधे, उपाध्यक्ष मंजु सोनवानी, सचिव भारती टंडन, प्रवक्ता कोमल मूर्ती, मीडिया प्रभारी प्रतिभा डहरिया, सलाहकार हीराबाई गिलहरे व कार्यकारिणी में राधाबाई पुरैना, मोंगरा खूंटे, पार्वती मन्नाडे, भूरी टंडन, शांति बाई, निर्मला, दिशा बाई, प्रेमीनबाई जमुना बाई, साधना कोसले, उषा बाई, मीणा सोनवानी मनोनयित हुए।

बैठक को जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने संगठन के बायलॉज व प्रदेश से लेकर ग्राम कमेटी के उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक समझाया। संचालन गोवर्धन खूंटे व गणेश टंडन ब्लाक सचिव महासमुंद ने किया। आभार प्रदर्शन किशोर लहरे सचिव ग्राम कमेटी तुमगांव ने किया। बैठक में लक्ष्न कोसरे, डिगेश्वर सत्यम, लोकनाथ कुर्रे उपाध्यक्ष, नंदकुमार भास्कर, मनोज, चम्मन मार्कंडेय, गोवर्धन खूंटे, शैलेष कुर्रे आदि मौजूद रहे।

# शहर में अवैध प्रवासियों का हो वेरिफिकेशन : रमेश

## एसआईआर जांच से अवैध प्रवासियों का होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पिटियाझर सोसायटी के अध्यक्ष रमेश साहू ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का एक बेहतर कदम है, जिससे मतदाता सूची में पारदर्शिता आएगी। पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले व महासमुंद शहर में बाहरी लोगों का अवैध घुसपैठ का इस कार्य से खुलासा होगा।

भाजपा नेता साहू ने कहा कि जिन अवैध प्रवासियों ने जिले की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है, उन्हें चिन्हित किया जाना चाहिए। जिन लोगों ने फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्रों के जरिये खुद का नाम मतदाता सूची में शामिल कराए हैं, उनके नामों को सूची से हटाया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि पूरे जिले सहित महासमुंद शहर में क्राइम रेट दिनों दिन बढ़ती जा रही है। आए दिन चोरियां, चाकूबाजी, मारपीट, गुंडागर्दी जैसी वारदातें शहर में सामने आ रही है। यह सब बाहरी लोगों के आमद के बाद ही बढ़ी है। महासमुंद जैसे शांतिप्रिय शहर में बाहरी लोगों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। शहर के नयापारा स्थित अटल आवास, सुभाष नगर,



छिपिया पारा, लाल दाढ़ीपारा जैसे इलाकों में बाहरी लोग आकर बसे हुए हैं। रमेश ने कहा कि नयापारा के अटल आवास पूरी तरह बाहरी लोगों के कब्जे में आ गया है। शाम ढलते ही रात 9 बजे के बाद सोरिद रोड व दलदली रोड में लूटमार, राहगीरों से मारपीट व छीनाझपटी की घटनाएं सामने आ रही है। यह सब इन्हीं बाहरी लोगों का कृत्य है। ये सभी अपना सुरक्षित ठिकाना के रूप में अटल आवास को चिन्हित कर चुके हैं। अटल आवास में विविध प्रकार के नशीले सामाग्रियों की बिक्री, अवैध कारोबार का संचालन हो रहा है। शराब की अवैध बिक्री, ओड़िश ब्रांड शराब की पाउच, गांजा, सहित नशीले टेबलेट, इंजेक्शन की बिक्री यहां हो रही है। इस दिशा में ना ही नगर पालिका और ना ही पुलिस प्रशासन वेरिफिकेशन कर रहे हैं। यदि तत्काल अटल आवास में निवासरत लोगों की वेरिफिकेशन किया जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है। शहर में अपराधिक घटनाओं में वृद्धि के बाद भी पुलिस की सुस्ति समझ से परे हैं। ऐसे सेंसेटिव इलाकों की जांच आखिर पुलिस क्यों नहीं कर रही, पुलिस को किसका दबाव है, किसके कहने पर पुलिस खामोश बैठे हैं, एक गंभीर पहलू है। पुलिस की यह चुप्पी शहर में बड़े अपराधों को निमंत्रण दे रहा है। रमेश ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की सरकार है। सरकार अपराध नियंत्रण, अवैध कार्यों में विराम लगाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, प्रशासनिक सहयोग के अभाव में सरकार के मंशा पर पानी फिर रहा है। एसआईआर जांच से बाहरी लोगों की पहचान के साथ ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि शहर में कितने लोग अवैध रूप से आकर बसे हैं।

# लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिहा की सातवीं पुण्यतिथि कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गीतकार एवं लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिहा के सातवीं पुण्य स्मृति में काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान द्वारा 9 नवंबर रविवार को अपराह्न 12 बजे काव्यांश के संगीतकार बीआर साहू के मार्गदर्शन में हमारे लोक गायकों द्वारा लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीतों की संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी। लक्ष्मण मस्तुरिहा के कालजयी रचनाओं में मोर संग चलव, बखरी के तुमा नार बरोबर, वाह रे मोर पंड़की मैना, कांटा खूंटी के बोवइया, चिटिक अंजोरी निरमल छंइहा, चौरामा गोंदा रसिया मोर बारी मं पताल, पता लेजा रे पता देजा रे गाड़ी वाला, काबर समाये रे मोर बैरी नैना मं जैसे कर्ण प्रिय सुनने को मिलेंगे। कार्यक्रम में मुख्य गायक स्वर में सुरेंद्र मानिकपुरी, विश्राम यादव, गणेश साहू होंगे। जबकि, महिला स्वरों में दिनेश्वरी नंद, रिया गोलछा, पुष्प लता भार्गव, स्वाति जगत, दुर्गा साहू, रश्मि मानिकपुरी, ललिता ठाकुर, ओमिन यादव, अंजुम सोनछत्र की आवाज में सुनने को मिलेगा। वाद्य पक्ष के कलाकारों में बीआर साहू, सेवक राम यादव, प्रभात देवांगन, किसन लाल देवदास, नाना साहेब मानिकपुरी, याददास मानिकपुरी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने महासमुंद नगर के संगीत प्रेमियों से श्रध्दांजलि कार्यक्रम में स्वाध्याय केंद्र महासमुंद में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। उपरोक्त जानकारी काव्यांश के कोषाध्यक्ष डी बसंत साव साहिल ने दी है।



### बम्हनी स्कूल प्रांगण में हुआ गोपाष्टमी कार्यक्रम

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद ग्रामीण प्रखंड महासमुंद द्वारा हॉयर सेकेंड्री स्कूल बम्हनी के प्रांगण गोपाष्टमी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गौ माता का पूजन किया गया। बाद गौ माता के विषय पर एक संगोष्ठी हुई। जिसमें विहिप के कार्यकर्ता, स्कूल के प्राचार्य, अध्यापक, सरपंच, पंच एवं स्कूली बच्चों ने अपने अपने विचार रखें। यहां छात्रों एवं उपस्थित सदस्यों ने गौ पालन, गौ सेवा, गौ रक्षा एवं गौ माता के संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में विहिप जिला सेवा प्रमुख रामेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष खिलावन यादव, ग्राम बम्हनी के सरपंच रूपा घनश्याम ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष गणेशु महिलांग, शाला विकास समिति अध्यक्ष पुराणिक साहू, सुरेंद्र साहू, संस्था के प्राचार्य कागजी, पंचगण मनीष यादव, गुना, राम पाल, भानू निषाद, परमानंद यादव, ज्योति यादव आदि मौजूद रहे।

# स्वामी आत्मानंद नयापारा में किया गया वंदे मातरम गीत का गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में वंदेमातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम गीत गायन का आयोजन संस्था के प्राचार्य एवं गाइड कमिश्नर अमी रूफस के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग जिला संघ के अध्यक्ष येतराम साहू एवं अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, डीएमसी रेखराज शर्मा थे। अतिथियों का स्वागत स्कार्फ लगाकर किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ समस्त अतिथियों, स्टाफ




के समस्त सदस्यों, शिक्षकों के द्वारा वंदेमातरम गीत का गायन किया गया।

स्वागत भाषण करते हुए प्राचार्य अमी रूफस ने वंदेमातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में येतराम साहू ने कहा कि 1875 में महान देशभक्त बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने उपन्यास आनंदमठ में वन्देमातरम गीत की रचना की थी। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशभक्तों में जोश, साहस और एकता की भावना जगाता रहा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वंदे मातरम गीत की महत्ता बताई। कार्यक्रम का संचालन डा. शशबीर कौर संधु एवं राज्यपाल से पुरस्कृत व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

इस अवसर पर संस्था जीआर टांडेकर, शिवा कोटेश्वरम्मा मेकला, विकास यादव, मितेश, शर्मा, नेहा सिंह, ध्रुति श्रीवास्तव, अंशुमाला बारिक, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, पूर्णिमा चंद्राकर, राधिका शर्मा, ऋतुराज देवांगन, अंजू चंद्राकर, मदन कौशिक, रवि ठाकुर शनि ठाकुर, बिंदेश्वरी जोशी, मोहन कन्नौजे, प्रकाश साहू, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्काउट गाइड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# नपा पेंशनर्स संघ ने कहाः डबल इंजन वाली सरकार से बढ़िया थी सिंगल इंजन सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कर्मचारियों के वेतन व पेंशन भुगतान में बेवजगह विलंब

नगर पालिका पेंशनर्स संघ महासमुंद की आपात बैठक 05 नवंबर को हुई। जहां पालिका कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन भुगतान में होने वाली विलय के लिए डबल इंजन सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सिंगल इंजन सरकार के रहते पंशनरों को प्रतिमाह पहली तारीख को पेंशन भुगतान हो जाया करता था। किंतु, डबल इंजन सरकार के सत्तासीन होने और उनका हॉर्स पावर बढ़ जाने के बाद भी प्रदेश में जनहित के कार्य एवं विविध कल्याणकारियों में निश्वय ही गति आई है। किंतु, नगरीय निकाय के कर्मचारी एवं पेंशनर्स इस सरकार से त्रस्त व दुखी है। पिछले 21 माह से नगरी निकाय के कर्मचारियों को कभी समय पर वेतन एव पेंशन नहीं मिल रहा है। नगर के हितजनहित कार्यों के संपादन में अपना जीवन समर्पित कर देने वाले निकाय कर्मचारी एवं पेंशनर्स सरकार की उपेक्षापूर्ण रवैया से अत्यंत व्यथित एवं दुखी है। इस संबंध में पत्र व्यवहार करने के बाद भी डबल इंजन की सरकार की कुंभकर्णी नींद भंग नहीं हो रही है। अनेक बार निकाय कर्मचारियों द्वारा अपनी जायज मांगों की प्राप्ति के लिए आंदोलन किया जाता रहा है। फिर भी इस सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगी। डबल इंजन सरकार बनने के बाद इनका हॉर्स पावर दोगुना ही गया है। फिर निकाय कर्मचारी/पेंशन के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार क्यों? मुसलमान के मुख्य त्योहार ईद, हिंदुओं के प्रमुख त्योहार दीवाली और देव दीपावली, सिक्खों के पवित्र त्यौहार गुरु नानक जयंती निकाय कर्मचारी/पेंशनर्स के लिए मायूसी भरा रहा। मध्य प्रदेश के डबल इंजन सरकार में ऐसी स्थिति नहीं है, वहां पर प्रतिमाह नियमित रूप से निकाय कर्मचारी पेंशनरों को वेतन/पेंशन का भुगतान हो जाता है। स्मरणीय है कि जब से छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार सत्तासीन हुई है तभी से निकाय कर्मचारी पेंशनरों को आर्थिक तगी झेलना पड़ रहा है। पूर्ववर्ती सरकार को लेकर बताया गया कि 21 माह पूर्व निकाय कर्मचारी/पेंशनर पैसों के लिए कभी मोहताज नहीं हुए।

### सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति पर जताई नाराजगी

संघ की बैठक में डबल इंजन सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र प्रेषित कर उपेक्षापूर्ण नीति का परित्याग कर सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास पार्टी उद्देश्यकाल पूर्ववर्ती सरकार के अनुरूप पहली तारीख का वेतन/पेंशन भुगतान कर नगर पालिका अधिनियम की धारा 86 के नियम 24 के अनुसार संविधान की मर्यादा एवं रक्षा तथा निकाय कर्मचारी/पेशनरों के हितार्थ वांछित आदेश प्रसारित करने का निवेदन मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री तथा प्रधानमंत्री की पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त जानकारी नगर पालिका पेंशनर संघ महासमुंद के सचिव रामकुमार लोधी ने दी है।

### लोकसभा स्तरीय मैराथन अब 13 नवंबर को सिरपुर में

**महासमुंद।** लोकसभा महासमुंद स्तर पर आयोजित "स्वदेशी मैराथन" का आयोजन आगामी गुरुवार 13 नवंबर 2025 को सिरपुर, महासमुंद में प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। पूर्व में यह आयोजन 9 नवंबर को होना था, जो अब 13 नवंबर को होगा। इस मैराथन में लोकसभा महासमुंद अंतर्गत आने वाले धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिलों के महिला एवं पुरुष धावक भाग लेंगे। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने जानकारी दी है कि प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार की आयु सीमा नहीं होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक धावकों के लिए पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। पुरुष एवं महिला वर्ग हेतु पुरस्कार राशि प्रथम स्थान पर 25,000 रुपए, द्वितीय स्थान पर 20,000, तृतीय स्थान पर 15,000, चतुर्थ स्थान पर 10,000, पांचवां स्थान पर 7,500 एवं छठवां से दसवां स्थान 5,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रत्येक विजेता को प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार राशि विजेताओं को चेक के माध्यम से प्रदाय की जाएगी। मैराथन में केवल वे प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे, जो लोकसभा महासमुंद क्षेत्र के निवासी, अध्ययनरत या कार्यरत हैं अथवा जिनका वर्तमान निवास इसी क्षेत्र में है। लोकसभा क्षेत्र के बाहर से आने वाले प्रतिभागी पाए जाने पर पुरस्कार की पात्रता प्राप्त नहीं होगी।




### नगर में भागवत ज्ञान यज्ञ के अवसर पर निकली शोभायात्रा

**महासमुंद।** नगर में स्व. रामकुमार गुप्ता, स्व. अविनाश गुप्ता व स्व. रविकांत गुप्ता की पुण्य स्मृति में शुक्रवार से 14 नवंबर तक भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू हुआ हैं। वृंदावन के वैष्णवाचार्य सुरेंद्र दास कथा कहेंगे। गुप्ता परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा से पहले नगर में शोभायात्रा का आयोजन हुआ। कलश धारण किए महिला और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे भक्तिमय वातावरण बन गया।

# देवरी स्कूल में हुआ राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। योगेश्वरी साहू कक्षा बारहवीं ने बताया कि तंबाखू के लगातार सेवन से कैंसर बीमारी हो सकती है। पूजा साहू ने बताया कि धूम्रपान से कैंसर पनप सकता है। केयूरभूषण कक्षा नवमी ने बताया कि शराब के सेवन से लीवर का कैंसर होने का खतरा रहता है। समय रहते उपचार नहीं करवाया तो इंसान



की मौत हो सकती है। प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा कैंसर को बढ़ावा देता है। समाज में किसी भी व्यक्ति को नशा नहीं करना चाहिए। इससे पहले वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत के 150वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन प्रार्थना सभा में किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि वंदेमातरम के रचयिता बंकिम चंद चट्टोपाध्याय है और इसे 65 सेकंड में गाया जाता है। कार्यक्रम को व्याख्याता भोज राम ध्रुव, आनन्द राम व्यौहार ने संबोधित किया। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई, 4 पनडुब्बियां जब्त

**महासमुंद।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार इसी क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को ग्राम बड़गांव स्थित महानदी रेत घाट में की गई कार्रवाई के दौरान नियम विरुद्ध रेत निकासी में प्रयुक्त चार पनडुब्बियां (नौकाएँ) मौके पर जब्त की गईं। अवैध रेत उत्खनन में लिप्त खदान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भुरकोनी में 1265 बोरी अवैध धान जब्त

**महासमुंद।** अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर प्रशासनिक निगरानी के बीच तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में अवैध भंडारण की सूचना पर कार्रवाई करते हुए हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा बजरंग अग्रवाल, नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम द्वारा दिनेश अग्रवाल के घर पर औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान लगभग 3000 बोरी धान भंडारित पाया गया। पूछताछ में दिनेश अग्रवाल द्वारा 1735 बोरी धान के संबंध में कृषि उपज मंडी का सौदा पत्रक प्रस्तुत किया गया, किन्तु शेष 1265 बोरी धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार राजस्व विभाग की टीम द्वारा नियमानुसार 1265 बोरी धान को जब्त कर मंडी सचिव को मंडी अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

## निधन

### नितेश सिन्हा



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर में निवासरत एवं जामगांव प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में सहायक नेत्र अधिकारी के पद पर कार्यरत नितेश सिन्हा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम केन्द्रीय रायपुर में किया गया।जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष

### श्री राधाकृष्ण मंदिर में...

भव्य विष्णु महायज्ञ, शोभायात्रा, नानी बाई का मायरा एवं विशाल भजन संध्या भी होगा।
निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लोगों ने लिया लाभ : शुक्रवार को शताब्दी महोत्सव का 5वां दिन था। आज का दिन इतिहास के पन्नो में दर्ज हो गया। क्या राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट, क्या नगरवासी, हर व्यक्ति इस आयोजन में अपनी सेवा देने खड़े है पर उन्हें सेवा नहीं मिल पा रही क्योकि जो पहले से सेवा में लगा है वह सेवा से वंचित नही होना चाहता,तब बड़े अनुनय विनय के बाद उन्हें सेवा का अवसर मिल पाता है। कोई भोजन प्रसादी परोस रहा,कोई दौड़-दौड़ के गर्म-गर्म भोजन प्रसादी काउंटर में लाकर रख रहा। रोज नए-नए मिष्ठान। एक तरफ निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर भी लगाया गया है। पांचवे दिवस श्री राधाकृष्ण मंदिर में यादव समाज दोहा पारते पहुंचे। भगवान गोपाल जी को सिर पर धारण किए थे। आतिशबाजी के साथ गोपाल जी का स्वागत करने श्री राधाकृष्ण मंदिर के ट्रस्टी एवं उपस्थित सेवादार शहनाई वादन के साथ किए। उस वक्त का वातावरण सुकुन प्रदान करने वाला रहा। लोग उत्साहित होकर पुष्पो की वर्षा करने लगे। तो कई लोग नाचने लगे। एक दूसरे से गले भी मिले। पांचवे दिवस में प्रभु श्रीराम को गंगा पार कराने वाले केंवट ,तारक, समाज के लोग भी बड़ी संख्या में आए थे। इसे देखकर वृंदावन कुंज का वातावरण श्री कृष्ण एवं श्रीराममय हो गया था। श्री गिरधारी अग्रवाल ने सभी का सम्मान तिलक वंदन कर अपर्णा ओढ़ाकर किया। इस बीच हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा का भाव भरा सम्मान किया गया। इस आयोजन से एक बात स्पष्ट हो गई है कि यहां जाति बंधन की दीवार नही बल्कि प्रेम की धारा बह रही है।

### रामचिरतमानस के...

रहे हैं। रथयात्रा से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा तक रामायण का पाठ किया जाता है। रोज 40-50 बुजुर्ग कथा का रसपान करते हैं। अपने जीवन में उतारते हैं और समाज को एक नया संदेश देते हैं। युवक-युवतियों संस्कारित करने के साथ ही भगवान श्रीराम की कथा से जोड़कर एक नया दिशा दे रहे हैं।

### जांजगीर चांपा, महासमुंद के साथ-साथ ओड़िशा के कई टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

# मुड़ागांव में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा का भव्य आयोजन, कलाकारों ने बिखेरा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



मुड़ागांव में 5 नवंबर को गुरुनानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सशक्त युवा संगठन बजरंग दल मुड़ागांव (छुरा) के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता-2025 का भव्य आयोजन स्कूल प्रांगण मानस मंच, मुड़ागांव में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रमुखों, जनपद सदस्य भेषमती रूपसिंह साहू, सरपंच प्रतिनिधि शारदा दीवान, प्राचार्य (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा) एसके वर्मा, शिक्षक अरुण सिन्हा और तेजराम ध्रुव की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। युवाओं की उमंग और संगीत की धुनों ने पूरे वातावरण को उत्साह से भर दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन को समिति के अध्यक्ष तेजन दास, उपाध्यक्ष देव दीवान, प्रभारी नवीन दादा दीवान एवं संयोजक नन्द यादव, गौरक्षक सोनू यादव के नेतृत्व में युवाओं ने सफल बनाया। प्रतियोगिता को सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य और एकल नृत्य तीन वर्गों में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों जैसे रायपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग, रायगढ़, भिलाई, राजनांदगांव, गरियाबंद, कसडोल, बस्तर, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, महासमुंद के साथ-साथ ओड़िशा से भी कई टीमों ने पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



### ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला मंच

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के नृत्य की बारीकियों का मूल्यांकन किया और कहा कि /"इस प्रतियोगिता ने यह साबित किया कि ग्रामीण अंचलों में भी अपार प्रतिभा छिपी हुई है, जिन्हें केवल प्रोत्साहन की आवश्यकता है। आयोजन समिति के सदस्यों ने कलाकारों को मंच प्रदान करने और उनकी कलात्मक क्षमता को निखारने के उद्देश्य को दोहराया और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया। कार्यक्रम संचालकों में हास्य कवि लक्की गुप्ता (मुड़ागांव) एवं सहयोगी मिमिक्री आर्टिस्ट लाकेश दास (बेलर) की ऊर्जा और जोश ने मंच को रात 9 बजे से सुबह 10 बजे तक जीवंत बनाए रखा, जिसके कारण दर्शकों की भीड़ लगातार कार्यक्रम का लुफ्त उठाती रही। कार्यक्रम को संजोने में गाविल ध्रुव (अप्पू) का विशेष सहयोग रहा।

### विजेताओं को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

| वर्ग | स्थान | विजेता | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| सामूहिक नृत्य | प्रथम | माता के महिमा डांस ग्रुप | राजनांदगांव |
| | द्वितीय | जय मां दंतेश्वरी डांस ग्रुप | बस्तर |
| | तृतीय | नित्या डांस ग्रुप | दुर्ग भिलाई |
| | चतुर्थ | मन के मीत डांस ग्रुप | कसडोल |
| | पंचम | टीजीएस डांस ग्रुप सहीपाल | ओड़िशा |
| | छठवां | पुष्पांजलि डांस ग्रुप आमानारा | ओड़िशा |
| युगल नृत्य | प्रथम | पवन-हिना | रायपुर |
| | द्वितीय | साधना सरगम | जांजगीर चांपा |
| | तृतीय | प्रमिला पार्वती | रायपुर |
| | चतुर्थ | चुरकी मुरकी | पिथौरा |
| | पंचम | मानिक हीरा | |
| | छठवां | सिया के राम | पिथौरा |
| एकल नृत्य | प्रथम | शेखर यादव | बागबाहरा |
| | द्वितीय | भाग्य लक्ष्मी | बिलासपुर |
| | तृतीय | जाह्नवी साहू | बलौदाबाजार |
| | चतुर्थ | प्रिया ठाकुर | बुंदेली |
| | पंचम | सूरज निषाद | झलप |
| | छठवां | रोशनी मानिकपुरी | बलौदाबाजार |

# कलार समाज के सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन

### एकजुटता का प्रतीक बनेगा भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कलार चरौदा में कलार समाज के बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भवन निर्माण का शुभारंभ शुक्रवार को भूमि पूजन के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। सामुदायिक भवन निर्माण की विधिवत शुरुआत कलार समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहू और आराध्य माता बहादुर कलारिन की पूजा-अर्चना करके नींव खोदने के साथ की गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। भूमि पूजन के पश्चात भवन की नींव रखे जाने से पूरे समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल बन गया। समाज के पदाधिकारियों ने भवन निर्माण के लिए उदारतापूर्वक सहयोग प्रदान करने वाले दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भवन समाज की एकजुटता और प्रगति का प्रतीक बनेगा। समाज के अन्य सदस्यों ने भी इस कार्य को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद यह परिसर समाज की विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन का केंद्र बनेगा। इस पहल को समाज के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर कलार समाज के परिक्षेत्र सचिव राजकुमार सिन्हा, ललीत सिन्हा, कौशल सिन्हा, खोरबाहरा सिन्हा, चन्द्रहास सिन्हा, इतवारी सिन्हा, संजय सिन्हा, परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, मदन सिंह, अभय सिन्हा, क्षबेराम, आन्नद, पुरोषोत्तम पिपलेश्वर, हरिश, संजु, प्रमेन्द्र, खिलेश्वर, छत्रपाल, टिकाराम, योगेश इत्यादि सदस्य उपस्थित थे।



# पोखरा परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण

**राजिम।** पोखरा परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अश्वनी साहू, उपाध्यक्ष ललित साहू, उपाध्यक्ष महिला पदमा साहू, संगठन सचिव देवेंद्र साहू, संगठन सचिव महिला शिवबती साहू, सचिव दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष उमेश साहू, अंकेक्षक तुलसीराम साहू, संरक्षक कामताप्रसाद साहू, नेतराम साहू, देवनाथ साहू, सलाहकार गोवर्धन साहू ,पलटन साहू, ओमप्रकाश साहू, ग्राम बकली ओमप्रकाश साहू मीडिया प्रभारी ने 11 गांव के समाज के लोगों की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई शुभकामना दी गई।

# वंदे मातरम गीत देश के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना सिखाता है





**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 07 नवंबर को वंदे मातरम दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम को शाला के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा वंदे मातरम दिवस पर जानकारी देते हुए कहा कि वंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है।यह गीत देश की स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ है। यह गीत हमें मातृभूमि के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना सिखाया जाता है।वंदे मातरम को कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखा गया जिसे प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ से लिया गया है। 14 अगस्त 1947 को संविधान सभा की पहली बैठक वंदे मातरम से शुरू हुई थी जिसे 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने अपनाया था।वंदे मातरम गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करने के साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। यह गीत हमें मातृभूमि की रक्षा और बचाव के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष 2025 में वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे है।बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम अक्षय नवमी के पावन अवसर पर 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, गीतांजली नेताम,कीर्ति निषाद शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पूर्व सरपंच के कार्यकाल का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पिथौरा विकासखंड के ग्राम लक्ष्मीपुर में पूर्व सरपंच के कार्यकाल में कराए गए कार्यों के भुगतान को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। ग्राम की पूर्व सरपंच कुमारी भोई ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के 15 लाख रुपये के लंबित भुगतान को जारी कराने की मांग की है।

भोई ने सत्र 2021 से 3 मार्च 2025 तक लक्ष्मीपुर की सरपंच के रूप में कार्य किया था। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के अंतिम समय में पंचायत सचिव मुरलीधर साहू के स्थान पर महिला सचिव कुंती आवले को पदस्थ किया गया था। इस दौरान दोनों सचिवों के बीच प्रभार को लेकर विवाद की स्थिति बन गई थी, जिसके कारण पंचायत से होने वाला भुगतान रुक गया। इस विवाद के पूर्व ही पंचायत में विभिन्न मदों के कार्य पूर्ण हो चुके थे, लेकिन उनका भुगतान अटक गया था। इसी बीच पंचायत चुनाव हो गए और अंजू पटेल नई सरपंच निर्वाचित हुईं। पूर्व सरपंच भोई का आरोप है कि चुनाव के बाद, नई सचिव एवं वर्तमान सरपंच द्वारा उनके कार्यकाल में पंचायत के विभिन्न मदों से होने वाले भुगतान जानबूझकर रोक दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रभार देते समय विभिन्न कार्यों के भुगतान हेतु 15 लाख रुपये की राशि पंचायत खाते में जमा थी, लेकिन अब उस राशि के भुगतान में आनाकानी की जा रही है। पूर्व सरपंच ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्हें भुगतान करना है, वे लोग अब उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया है कि उनके कार्यकाल में कराये गये कार्यों का भुगतान पंचायत द्वारा तत्काल करने के आदेश जारी किए जाएं ताकि ग्रामीण विकास के ये कार्य पूर्णता तक पहुंच सकें और संबंधित लोगों को उनका हक मिल सके।

## धान खरीदी पर संकट, सहकारी समिति कर्मचारियों एवं ऑपरेटर की अनिश्चितकालीन हड़ताल 5वें दिन भी जारी

**महासमुंद।** जिले में सहकारी समिति कर्मचारियों एवं ऑपरेटर की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण धान खरीदी की तैयारियों पर गहरा संकट मंडरा रहा है। राज्य शासन की ओर से 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू करने की घोषणा की गई है, लेकिन 3 नवंबर से शुरू हुई इस हड़ताल ने जिले के उपार्जन केंद्रों पर ताले लगवा दिए हैं। अपनी चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर समिति के प्रबंधक और ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। संभाग स्तरीय इस आंदोलन में शामिल कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा है। हड़ताल के कारण पिछले पांच दिनों से धान खरीदी से संबंधित सभी प्रशासनिक कार्य पूरी तरह से ठप हो चुके हैं। जिले में किसानों का पंजीयन सत्यापन, बारदाने की व्यवस्था, परिवहन अनुबंध, उपार्जन केंद्रों की साफ-सफाई जैसे आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपार्जन केंद्रों पर ताले लटके हुए हैं, जिससे किसानों को खरीदी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने में भी मुश्किल हो रही है। यदि हड़ताल जल्द खत्म नहीं होती है, तो 17 नवंबर से धान खरीदी शुरू होना लगभग असंभव होगा। वहीं धान खरीदी ऑपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 5 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे खरीदी केंद्रों पर कामकाज ठप है, जिससे धान खरीदी में बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। धान खरीदी में विलंब का सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ना तय है।

# मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

**अभनपुर।** नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा में सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली के लिए मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका विषय पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती रोली तिवारी, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान अध्ययनशाला, रविवि रायपुर ने जीवन प्रबंधन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने तनाव, दबाव एवं निराशा जैसे मानसिक विकारों से निपटने के उपाय बताए और विद्यार्थियों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. व्ही. के. मिश्रा ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर योग, ध्यान और खेलकूद जैसी गतिविधियों में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर मुख्य वक्ता को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला मे एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष दीवान व प्राध्यापकगण सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# जिपं सदस्य नेहा सिंघल ने पीटापारा में उड़िया नाटक का किया शुभारंभ

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र के गांवो में इन दिनों अनेक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य एवं भाजपा नेत्री नेहा सिंघल कार्यक्रमों में शामिल होकर जहां एक ओर कलाकारों का उत्साहवर्धन कर रहे है वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों द्वारा गांव-गांव उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है। कल रात ग्राम पीटापारा में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उड़िया नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेहा सिंघल ने फीता काटकर किया और सभी को कार्यक्रम की बधाई दी।



# श्री कुलेश्वर महादेव कालेज में वंदे मातरम के 150 वर्ष पर गूंजी राष्ट्रभक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



भारत माता के प्रति समर्पण, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेरणादायी संबोधन महाविद्यालय के सभागार में सभी विद्यार्थियों एवं सहायक प्राध्यापकों ने बड़े उत्साह और एकाग्रता के साथ सुना। प्रधानमंत्री जी के उत्साहवर्धक के पश्चात समूचे राज्य में एक साथ वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया, जिसमें महाविद्यालय परिवार ने भी एक स्वर में सहभागिता निभाई। उस क्षण पूरा परिसर देशभक्ति और गौरव की भावना से गूंज उठा।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** पदमपुर रोड जोगनीपाली में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिसको श्याम कतवाल निवासी कसडोल थाना बलौदा ने बताया कि 5 नवंबर को उसका भाई संजय कतवाल पिता गांधी कतवाल (30 साल) का सामान खरीदने अपनी बाइक सीजी 06 जीजी 6623 से सरायपाली आया था। सामान खरीद कर वापस घर जा रहा था, जब वह बलौदिया ट्रेक्टर्स शो रूम व साहू ट्राली रिपेयर वर्कशाप के बीच पदमपुर रोड जोगनीपाली के पास पहुंचा था, तभी अज्ञात वाहन के द्वारा ठोकर मार देने से उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पांच किलो गांजा जब्त



**महासमुंद।** ग्राम रेहटीखोल में सिंघोड़ा पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 75 हजार रुपए का पांच किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार सात नवंबर को सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले कलर के बिना नंबर बाइक से एक युवक अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद एनएच53 ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। जहां उक्त वाहन चालक के आने पर उससे पूछताछ की गई। जिसने अपना नाम आरोपी निलेश वर्मा पिता संतोष वर्मा (19 साल) गनियारी थाना कोटा जिला बिलासपुर होना बताया। आरोपी के कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा कीमत 75 हजार रुपए, एक बाइक व नगद पांच हजार रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी)(।।)(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ओडिशा उपचुनाव में विधायक ध्रुव को नुवापाड़ा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से सटे ओड़िशा प्रदेश की नुवापाड़ा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के चलते इन दिनों प्रचार-प्रसार जोर-शोर से जारी है। कांग्रेस संगठन ने बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव को इस महत्वपूर्ण उपचुनाव में प्रचार की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

विधायक जनक ध्रुव पिछले एक सप्ताह से नुवापाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी घांसीराम मांझी के पक्ष में चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। वह सुबह 6 बजे से लेकर देर रात तक गांव-गांव, गली-गली और घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से सघन संपर्क कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी घांसीराम मांझी भी प्रचार में लगातार विधायक ध्रुव के साथ चल रहे हैं। विधायक जनक ध्रुव को यह बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने के पीछे मुख्य कारण यह है कि नुवापाड़ा विधानसभा क्षेत्र छत्तीसगढ़ के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से सटा हुआ है, और विधायक ध्रुव लगातार चुनाव पूर्व भी इस क्षेत्र के कई गाँवों में अपनी सक्रियता बनाए रखते हैं।

#### विधायक गांव-गांव पहुंचकर देर रात तक कर रहे चुनाव प्रचार



#### प्रचार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम

इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक जनक ध्रुव के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इनमें ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, डॉ. सैयद चिराग अली, युगल पाण्डेय, अमित मिरी, भानु सिन्हा, अरुण सोनवानी, उमेश डोंगरे, डिगेन्द्र ठाकुर, अमृत पटेल, नेहाल नेताम, डोमार साहू, शांतुराम यादव और राजू दीक्षित प्रमुख रूप से शामिल हैं।

#### 50 से अधिक गांवों में किया जनसंपर्क

विधायक जनक ध्रुव ने नुवापाड़ा, कुकरीमुड़ी, मोटानवापारा, पंडरीपानी, चुल्हाभाठ, भैंसादादर, धरमबांधा, तोर्रा, पतोरा, मोटानुवापाड़ा, आवासपारा धरमबांधा, भरूवामुड़ा, टिकरापारा, लोडरा, गिधरीपानी, आमनारा, गौधश, फोकटपारा, भाजीपानी, गंगादीगढ़, कटिंगपानी, सोनाबेड़ा, कुकराताल सहित 50 से भी ज्यादा ग्रामों में पहुंचकर देर रात तक जनसंपर्क किया है। श्री ध्रुव ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में काफी अच्छा माहौल है और जनता में कांग्रेस के प्रति लगातार रुझान देखने को मिल रहा है।

## आयोजन : बारूला पंचायत में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक संकल्प

# वंदे मातरम मातृभूमि के प्रति समर्पण त्याग व राष्ट्रीय चेतना का प्रतीकः साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बारूला में शुक्रवार को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बारूला के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में सामूहिक राष्ट्रगीत गायन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी स्वर मिलाया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से भर गया। इस आयोजन में सरपंच सुकदेव राम साहू ने अध्यक्षता की। उपसरपंच उत्तम सोनवानी, पंच सुनील निर्मलकर, कुमार ध्रुव, पूर्णिमा पराना, तोरण ध्रुव, जितेंद्र ध्रुव, बाला राम साहू, गोपेश सेन एवं दीपक साहू, तथा प्रधान पाठक सेन भी उपस्थित रहे। संयुक्त रूप से सभी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में 'वंदे मातरम्' की भूमिका और इसकी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस अवसर पर प्रसारित संबोधन भी सामूहिक रूप से सुना गया।

#### मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक

सरपंच सुकदेव राम साहू ने अपने संबोधन में 'वंदे मातरम्' को मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बताया। उन्होंने घोषणा की कि 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए, ग्राम पंचायत बारूला में वर्षभर विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन एक महत्वपूर्ण सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जहां सभी उपस्थित लोगों ने "स्वदेशी अपनाने" का प्रण लिया, जिससे राष्ट्रीय गीत के सम्मान के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की भावना को भी बल मिला।



### सिर्रीखुर्द स्कूल में वंदे मातरम के 150 वर्षगांठ पर गूंजा देशप्रेम

**छुईहा बेलर।** प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" की 150वीं वर्षगांठ शुक्रवार को बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से "वंदे मातरम्" गान किया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठा।

इस अवसर पर बच्चों को "वंदे मातरम्" गीत के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक खोमन सिन्हा कुण्डेल ने बताया कि 7 नवम्बर 1875 को बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने "वंदे मातरम्" की रचना की थी। वर्ष 1882 में इसे उनके प्रसिद्ध उपन्यास "आनंद मठ" में प्रकाशित किया गया। 1896 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे पहली बार गाया और 1950 में संविधान सभा ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया। श्री सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए




कहा कि "वंदे मातरम्" केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता की आत्मा का स्वर है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के हृदय में जोश, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। कार्यक्रम में शिक्षक जगन्नाथ ध्रुव, प्रभारी प्रधान पाठक खोमन सिन्हा, द्रौपदी साहू, सीता साहू, चुमेश वर्मा, लीलाराम मतावले सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों और वंदे मातरम् के गूंजते जयघोष के साथ हुआ, जिससे विद्यालय परिसर में देशप्रेम का वातावरण गूंज उठा।

### कृषि कॉलेज फिंगेश्वर में वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मनाया गया

**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर, गरियाबंद में शुक्रवार को अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में देश के राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वीं वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार, संस्कृति मंत्रलय, नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण एवं वन्दे मातरम् गायन का दूरदर्शन के सीधे प्रसारण को कार्यालय में प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद के समस्त प्राध्यापक गण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थिति रहे तथा समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा वन्दे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव पर अभिभाषण के साक्षी बने। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ, जिसमें सभी एकजुट होकर राष्ट्रगीत का गायन किए। यह आयोजन देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान व्यक्त करने का महत्वपूर्ण प्रयास था। कार्यक्रम का आयोजन सहायक प्राध्यापक डॉ. कुंतल साटकर के मार्गदर्शन में अतिथि शिक्षक डॉ. इंद्रपाल सिंह पैकरा और आदर्श कुमार की सहभागिता से कराया गया।



## किसानों से पलारी नहीं जलाने की अपील

**रसेला।** क्षेत्र में धान की कटाई शुरू हो चुकी है। कटाई के बाद खेती में पड़े पराली को जला देते हैं। इससे वायु प्रदूषण और खेत की उपजाऊ क्षमता कमजोर होती है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील की गई है। पराली जलाने के बजाय किसानों को पैरा गांव के गौठानो में मवेशियों के लिए दान करने की बात कही गई है। सरकार द्वारा खेतों में पलारी जलाने पर सख्त पाबंदी लगाई है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने कहा कि किसानों को भ्रम है कि पराली जलाने के बाद अवशेष (राख) से खेत को खाद मिलेगा तथा खेत साफ़ हो जाएगा, लेकिन यह सोचना ग़लत है। पराली जलाने से भूमि की उपजाऊ क्षमता तथा लाभदायक कीट भी खत्म हो जाती है। साथ ही वायु प्रदूषण का कारण बनती है जिससे मनुष्य, पशु पक्षी सभी को विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी होती है जिसका उदाहरण दिल्ली, पंजाब, हरियाणा जैसे शहरों में कुछ वर्षों से देखने को मिल रहा है। इसे देखते हुए किसानों को पराली नहीं जलाने की हिदायत दी जा रही है। जो ऐसा करते पाए जाने पर किसानों के खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई करेगी। कृषि विभाग ने बताया कि एक टन धान पराली जलाने से हवा में 3 किलो ग्राम कार्बन, 513 किलो ग्राम कार्बन डाई-आक्साइड, 92 किलो ग्राम कार्बन मोनो ऑक्साइड तथा 250 किलो ग्राम राख घुल जाती है। धान पराली जलाने से वायु प्रदूषित होने से आंखो में जलन एवं सांस संबंधित बीमारियां का खतरा बढ़ जाता है। पराली जलाने से भूमि की उपजाऊ क्षमता लगातार घट रही है इस कारण भूमि में 80 प्रतिशत अन्य पोषक तत्व की कमी आ रही है। मित्र कीट की मृत्यु होने से नई नई बीमारियां उत्पन्न होती है। पशुओं के लिए वर्ष भर चारा आपूर्ति की समस्या बन जाती है। जलाने की बजाय ऐसे कर सकते हैं पराली प्रबंधन-स्टा मल्चर मशीन की सहायता से पराली को गट्ठे में एक कर उपयोग कर सकते हैं। वेस्ट डी-कम्पोज़र के 200 लीटर प्रति एकड़ घोल को फसल कटाई उपरांत खेतों में पड़े अवशेषों के ऊपर छिड़काव कर सड़ा सकते हैं।

- पराली जलाने से नाइट्रोजन और पोषक तत्व हो रहें कम

## सेंट जॉन्स स्कूल छुरा में विश्व कैंसर जागरूकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में बुधवार को विश्व कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं अभिभावकों को कैंसर के बढ़ते खतरे, उसके लक्षण, बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बिंदु जार्ज जेकब के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को लेकर जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अनियमित खान-पान, तंबाकू सेवन और तनाव को बीमारी के प्रमुख कारण बताते हुए इनसे दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेष स्कूल असेंबली में विज्ञान विभाग के शिक्षक बादशाह खान तथा छात्र-छात्राओं द्वारा चार्ट, मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने नाटक, भाषण और जागरूकता पोस्टर के माध्यम से कैंसर से बचाव का संदेश दिया। श्री बादशाह खान ने कहा कि हमारे शरीर के कुछ अंगों की कोशिकाएं जब आवश्यकता से अधिक बढ़ने लगती हैं, तब कैंसर



की शुरुआत होती है। इससे बचाव के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन और नशा मुक्त जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें "कैंसर से बचाव ही है समाधान" एवं "स्वस्थ जीवन अपनाएं कैंसर दूर भगाएं" जैसे नारों के माध्यम से स्थानीय जनता को जागरूक किया गया। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### गांजा परिवहन मामले में युवक को सश्रम कारावास

**महासमुंद।** गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।) (ख) के तहत ओडिशा के बलांगीर जिला अंतर्गत ग्राम सागुनभाड़ी निवासी 29 वर्षीय अभिमन्यु घीभेला पिता खानापुरी घीभेला को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 23 फरवरी 24 को खल्लारी थाना के टीम पेट्रोलिंग में थी। एमके बाहरा के पास एक सिल्वर कलर के बोलेरो वाहन को इंजन वाले हिस्से में धुंआ निकलता देखकर जानमाल हानि की अंदेशा में रोकने का प्रयास किया गया। किंतु चालक तेजी से चलाते भगा ले गया। पीछा करने पर वाहन चालक आगे जाकर पेडों रगड़ते हुए दीवार से जाकर टकराकर रूक गया। सामने इंजन वाले हिस्से में निकल रहे धुंआ से गांजा जैसी गंध आने पर साक्षियों की मौजूदगी में जांच की गई तो वाहन में 7 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

## मैनपुर-देवभोग में चक्रवात से धान-मक्का की फसल बर्बाद, तत्काल मुआवजे की मांग की

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में पिछले दिनो चक्रवात तूफान और बारिश के कारण धान और मक्का के सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। किसानों के द्वारा लगातार फसल क्षति आंकलन करने की मांग के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण अब पक चुके धान और मक्का की फसल की कटाई में किसान लग गए हैं। आंधी -तूफान के कारण क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ धान की फसल टूटकर जमीन पर सो गया है जिसके कारण धान की बालिया पानी में डुबने से खराब हो गई है। जब किसान पूरी मेहनत कर धान और मक्का की रखवाली करने के बाद जब फसल काटने का समय आया ऐसे समय में धान और मक्का की फसल नुकसान होने से किसान बेहद परेशान है और लगातार फसल क्षति की मांग कर रहे है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण





ध्रुव ने कहा की किसानों को तत्काल क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किया जाना चाहिए किसान भाजपा सरकार में अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। सबसे पहले किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ा कालाबाजारी के कारण 266 रूपये के यूरिया को एक हजार और डीएपी को दो हजार तक खरीदने मजबूर होना पड़। ऊपर से इस बार कीट प्रकोप ने किसानों को परेशान रखा किसानों की भारी फसल को क्षति पहुंची है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ने किसानों को क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग किया है।

#### किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए : ठाकुर

वरिष्ठ किसान सियाराम ठाकुर ने कहा आंधी तूफान बेमौसम बारिश से क्षेत्र में खड़ी धान, सब्जी, तिलहन एवं दलहन फसले बहुत खराब हुई है किसानों की मेहनत को नुकसान पहुंचा है राज्य सरकार को चाहिए की खेतों का निरीक्षण करवा कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। फसल नष्ट होने से किसानों के सामने अब कर्ज चुकाने की समस्या खड़ी हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, किसान नेता रूपसिंह मरकाम व क्षेत्र के लोगों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग किया है कि किसानों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ एक कृशि प्रधान राज्य है जहां किसान ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ऋण है और बेमौसम बारिश से धान, मक्का और दलहन तिलहन की फसलो को भारी नुकसान पहुंचा है। वही क्षेत्र के किसानो ने मांग किया है कि धान खरीदी के दौरान किसानो के सभी धान को खरीदा जाये जिन किसानो के धान में पानी पड़ चुका है उसे रिजेक्ट न करे क्योकि बेमौसम बारिश से किसान परेशान है।

# राज्य स्तरीय छंद काव्य में सम्मानित हुए साहित्यकार हीरालाल एवं दीनदयाल टंडन

**छुरा।** छत्तीसगढ़ी भाषा में छंद रचना के रचयिताओं का राज्य स्तरीय मिलन समारोह विचार गोष्ठी पुस्तक विमोचन एवं छंदबद्ध कवि सम्मेलन का आयोजन वृंदावन हॉल रायपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरला शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार एवं भाषाविद भिलाई थी अध्यक्षता डाक्टर सुरेश देशमुख चंदैनी गोंदा के प्रथम उद्घोषक एवं ग्रंथकार ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सुधीर शर्मा विभागाध्यक्ष हिन्दी कल्याण कालेज भिलाई सह संस्थापक वैभव प्रकाशन डॉक्टर मानिक वर्मा नवरंग वरिष्ठ साहित्यकार कोरबा सपना निगम वरिष्ठ साहित्यकार सहित छंदविद वरिष्ठ साहित्यकार एवं छंद



के छ के संस्थापक अरुण निगम मंचासीन रहे छत्तीसगढ़ राज्य के 22 जिलों से छंद परिवार के लगभग 100 से अधिक साधक गुरु इस आयोजन में शामिल हुए जिसमें छुरा क्षेत्र के छंद साधक सह साहित्यकार हीरालाल साहू समय और दीनदयाल टंडन भी गरियाबंद जिले से शामिल हुए आयोजन में 10 छंदकारों की लिखी छंदकाव्य पुस्तकों का विमोचन हुआ तथा छंदबद्ध कविता पाठ दोहा कुंडलिया सवैया सार रूपमाला मनहरण घनाक्षरी त्राटक लावणी आल्हा दुर्मिल बरवे जयकारी आदि की सुमधुर आवाज में सभी साधकों ने छत्तीसगढ़ी में अपनी प्रस्तुति दी विदित हो कि छत्तीसगढ़ी भाषा को शिक्षा में शामिल कराने उनका मानकीकरण करने व भाषा विकास के लिए ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से सात आठ वर्षो से भी अधिक समय से छंद सिखाया जा रहा है विशेष पर्व पर यह शिक्षा सत्र प्रारंभ होता है वर्तमान में छत्तीसगढ़ी छंद साधकों के लगभग 350 से अधिक छत्तीसगढ़िया साहित्यकार छंद रचना को छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों से सीख रहे हैं एवं अपने छंदबद्ध रचना कर उसे पुस्तकों में परणीत कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ी काव्य विकास के साथ-साथ भाषा के मानकीकरण पर भी कार्य कर रहे हैं हीरालाल गुरुजी एवं दीनदयाल टंडन को रायपुर में सम्मानित होने पर क्षेत्रीय साहित्यकार एवं ईस्ट मित्रों शुभचिंतकों ने बधाई प्रस्तुत किया है




